नए और मौजूदा खाद्य बिजनेस ऑपरेटर

फ्रेजर हेल्थ से संपर्क क्यों करें?

फ्रेजर हेल्थ की एनवायरनमेंटल हेल्थ सर्विसेज नए और मौजूदा खाद्य बिजनेस ऑपरेटर को एक नया कारोबार शुरू करने और संसाधन हासिल करने तथा उनके मौजूदा खाद्य कारोबार संबंधी किसी भी खाद्य सुरक्षा से जुड़े जवाब देने के लिए मदद करती हैं।

कारोबार शुरू करने से पहले सभी खाद्य संबंधी बिजनेस को फ्रेजर हेल्थ से मंजूरी हासिल करनी होगी। इसमें शामिल है, लेकिन यह सीमित नहीं है - रेस्तरां, खाद्य स्टोर, प्रसंस्करण संयंत्र, मोबाइल खाद्य ट्रक, अस्थायी कार्यक्रमों की खाद्य सेवाएं और फार्मर्स मार्किट या अन्य अस्थायी बाजारों के दुकानदार। इस प्रक्रिया में किसी भी समय मदद करने के लिए फ्रेजर हेल्थ एनवायरनमेंटल हेल्थ ऑफिसर हमेशा मौजूद हैं।

हम कैसे मदद कर सकते हैं?

हमारी वेबसाइट खाद्य कारोबार की मंजूरी और कामकाज के बारे में उपयोगी जानकारी देती है जैसे:

- स्वास्थ्य मंजूरी के लिए आवेदन, खाद्य सेवा के लिए आवेदन पैकेज, अस्थायी खाद्य परिसर के लिए आवेदन और ऐसी ही तमाम सेवाओं के लिए नए खाद्य ऑपरेटरों के लिए मंजूरी प्रक्रिया।
- खाद्य सुरक्षा संबंधी अन्य जानकारी वाले संकेत/पोस्टर के अलावा, अनुवादित सामग्री सहित सामान्य संसाधन जैसे खाद्य सुरक्षा योजनाएं और सफाई कार्यक्रम, खाद्य सुरक्षा बुलेटिन, मामूली आग, बिजली गुल हो जाने, या पानी उबालने की सूचना के हालात में क्या करना है, की जानकारी
- फ्रेजर हेल्थ द्वारा कराये जाने वाले फूडसेफ कोर्स के लिंक
- एनवायरनमेंटल हेल्थ ऑफिसर से संपर्क करने के लिए फ्रेजर हेल्थ में स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यालयों की संपर्क जानकारी

कृपया https://www.fraserhealth.ca/health-topics-a-to-z/food-safety#.Y-QOdhfMKUk पर हमसे मिलें

हमसे कैसे संपर्क करें**?**

यदि आप जनता के लिए भोजन तैयार करने, परोसने या बेचने की योजना बना रहे हैं, तो कृपया यह सुनिश्चित करने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यालय से संपर्क करें कि हम आपको आवश्यक मंजूरी या परमिट के लिए सही जानकारी प्रदान करें।

स्थान	पता	फोन	ईमेल
ऐबट्सफोर्ड	400-2777 ग्लैडविन रोड	604-870-7900	hpabbotsford@fraserhealth.ca
अगासिज	7243 पायनियर एवेन्यू	604-793-7160	hpchilliwack@fraserhealth.ca
बर्नबी	300-4946 कैनेडा वे	604-918-7683	hpburnaby@fraserhealth.ca
चिलीवैक/होप	101-45485B नाइट रोड	604-702-4950 x 614952	hpchilliwack@fraserhealth.ca
लैंगली	110 - 26470 201 Street	604-514-6123	hplangley@fraserhealth.ca
डेल्टा/व्हाइट रॉक	201-11245 84 एवेन्यू	604-507-5478	hpdelta@fraserhealth.ca
रिज मीडोज	400-22470 ड्यूडनी ट्रंक रोड	604-476-7000	hpmapleridge@fraserhealth.ca
मिशन	7298 हर्ड स्ट्रीट	604-814-5515	hpmission@fraserhealth.ca
न्यू वेस्टमिंस्टर	218-610 सिक्स्थ स्ट्रीट	604-777-6740	hpnewwest@fraserhealth.ca
ट्राई-सिटीज	300-205 न्यूपोर्ट ड्राइव	604-949-7701	hptricities@fraserhealth.ca
सरी	100-13450 102 एवेन्यू	604-930-5405	hpsurrey@fraserhealth.ca

किसी खाद्य कारोबार के लिए फ्रेज़र हेल्थ की मंजूरी की सामान्य प्रक्रिया:

नया खाद्य कारोबार

1. आवेदन जमा करें

निम्नलिखित दस्तावेज जमा करें:

- कंसस्ट्रक्शन प्लान के 3 सेट (केवल नई फैसिलिटी या किसी बड़ी मरम्मत के लिए)
- स्वास्थ्य मंजूरी के लिए आवेदन
- कारपोरेशन/पार्टनरशिप के दस्तावेज़ (अगर लागू हो)
- खाद्य सुरक्षा योजना
- सफाई योजना
- फूडसेफ सर्टिफिकेट की कॉपी (अगर लागू हो)

2. हेल्थ इंस्पेक्टर के साथ परामर्श (जिसे एनवायरलमेंटल ऐल्थ ऑफिसर भी कहा जाता है)

- हेल्थ इंस्पेक्टर के साथ फ्लोर प्लान, खाद्य सुरक्षा योजना, और सफाई योजना स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए मुलाकात तय करें

3. शुरुआत करने से पहले जांच

- जांच के लिए बुलाने के लिए हेल्थ इंस्पेक्टर को कॉल करें
- फैसिलिटी की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि यह स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करती है

4. परमिट फीस (यदि लागू हो) का भुगतान करें

- लागू होने वाली परमिट फीस का भुगतान करें

हेल्थ मंजूरी दी जाती है/कामकाज का परमिट जारी किया जाता है

अब आप अपना खाद्य कारोबार शुरू कर सकते हैं

अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://www.fraserhealth.ca/health-topics-a-to-z/food-safety पर संपर्क करें